प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में भीषण गर्मी के कारण आम जनजीवन अस्त–व्यस्त, मौसम विभाग का पूर्वानुमान–15 जून तक लोगों को गर्मी से नहीं मिलेगी राहत।
2. 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा, तीन जुलाई तक चलने वाले सत्र में लोकसभा अध्यक्ष का होगा चुनाव, नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलायी जायेगी शपथ।
3. झारखंड हाईकोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर आज भी नहीं हो सका फैसला, ईडी की ओर से बहस जारी।

और

4. राज्य सरकार ने सभी प्रखंडों में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शुरु करने का लिया फैसला।

*******************

राज्य में हीट वेव के कारण जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल, इससे राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने 15 जून तक हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज को छोड़ सभी जिलों में तापमान 41 डिग्री से ऊपर है। आज भी पलामू, गढ़वा और कोल्हान के क्षेत्रों में हीट वेव का प्रकोप रहा। इन इलाकों में पारा 44 के पार दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले तीन दिनों तक लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

*******************

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जायेगी और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को सम्बोधित करेंगी और उनके अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि राज्यसभा का सत्र भी इस महीने की 27 तारीख को शुरू होगा। संसद सत्र अगले महीने की 3 तारीख को समाप्त होगा।

*******************

तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने आज कृष्णा जिले के केसरपल्ली में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें शपथ दिलाई। उनके साथ जन सेना पार्टी के तीन और भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य सहित 24 नवनिर्वाचित सदस्यों ने मंत्री पद की शपथ ली। उधर, ओडिसा में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया। ओड़िसा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल इटली के लिए रवाना होंगे। केंद्र में तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री मोदी की ये पहली विदेश यात्रा होगी। प्रधानमंत्री 14 जून को इटली में जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा दुनिया के कई बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष इस सम्मेलन में शिरकत करेंगे और ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

*******************

रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से औपचारिक मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने कई केन्द्रीय मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भी शिष्टाचार मुलाकात की।

*******************

रांची में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से लोकसभा चुनाव में हुई हार जीत की पूरी समीक्षा की गई। बैठक में कांग्रेस के मंत्री, विधायक, सांसद समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

*******************

राज्य में सखी मंडलों की ग्रामीण महिलाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आईएचएम रांची, पलाश और जेएसएलपीएस के बीच आज एमओयू हुआ। एमओयू पर हस्ताक्षर आईएचएम के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार और राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद ने किया। एमओयू के तहत आईएचएम रांची ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सेवा उपलब्ध कराएगा।

*******************

गिरिडीह जिले में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिया है।

*******************

जमीन घोटाला मामले के आरोपी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर आज भी फैसला नहीं हो सका। झारखंड हाईकोर्ट में मामले पर सुनवाई हुई। आज ईडी की ओर से पक्ष रखा गया। ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता एस. वी. राजू ने बहस करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन का जुड़ाव उन सबूतों से है, जो ईडी को अलग–अलग छापेमारी में मिले हैं। ईडी की बहस सुनने के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता को लिखित बहस जमा करने का निर्देश दिया है। ईडी की बहस कल भी जारी रहेगी।

*******************

राज्य सरकार ने सभी प्रखंडों में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का निर्णय लिया है। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में राज्य के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी प्रखंडों में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए पहल करें। उन्होंने राज्य में संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को प्राइवेट स्कूलों की तरह अपग्रेड करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर वर्ग को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

*******************

सुप्रीम कोर्ट की ओर से 29 जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में धनबाद के अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि धनबाद के 44 विभिन्न तरह के मुकदमे जो सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं, उन्हें इस विशेष अदालत में निपटारे के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार ने सर्वोच्च न्यायालय में लंबित विवादों के पक्षकारों को नोटिस भेज कर उन्हें विशेष लोक अदालत में पेश होने का आदेश दिया है।

*******************

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की टीम ने गोड्डा जिले के पोरैयाहाट प्रखंड के खरखचिया गांव और गोड्डा सदर की नूनबट्टा पंचायत का दौरा किया। टीम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित

ग्रामीण शौचालयों और तरल एवं ठोस प्रबंधन संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। टीम ने गोड्डा जिले के महागामा में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का भी निरीक्षण किया।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह ने आज खरसावां क्षेत्र स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की। मौके पर उन्होंने लोगों को खानपान के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। उन्होंने दुकानदारों को भी सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि खाद्य सामग्रियों में मिलावट पर उन्हें एक से दस लाख रुपये तक का जुर्माना और छह माह से आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है।

*******************

रांची पुलिस और लखनऊ आर्मी इंटेलीजेंस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर की खरीद–बिक्री करते चार महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 ग्राम से ज्यादा ब्राऊन शुगर, 90 हजार रुपये, छह मोबाइल समेत कई अन्य सामान बरामद किये गये हैं। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने आज संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बारियातू क्षेत्र से इन तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

*********समाप्त*********